प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

दिनांक– 28/01/2025 अपराह्न 03:10 बजे

---

उत्तराखण्ड राष्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलो का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत चौदह फरवरी तक विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। इन खेलों में इस वर्ष बिहार के सबसे अधिक एक सौ पचास खिलाड़ियों का दल शामिल हो रहा है। ओलिंपिक पदक विजेता श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में भाग ले रही बिहार टीम में उनासी महिला और इकहत्तर पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि गोवा में आयोजित सैंतीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने तीन रजत और पांच कांस्य समेत आठ पदक जीते थे।

महाकुंभ–मौनी अमावस्या

प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के दौरान कल मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान का आयोजन किया जायेगा। इसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुम्भ नगरी पहुंच गये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके मद्देनजर प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सरकार ने मजबूत सात स्तरीय सुरक्षा योजना लागू की है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि महाकुंभ क्षेत्र को नो–वीआईपी जोन घोषित किया गया है।

मौनी अमावस्या–भागलपुर

इधर, मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर आज भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ मंदिर में पूर्जा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विभिन्न जिलों और परोड़ी देश नेपाल से आये श्रद्धालुओं ने उत्तर वाहिनी गंगा नदी में आस्था की डूबकी लगायी और मंदिर में पूर्जा–अर्चना की। परम्परा के अनुसार श्रद्धालु इस पवित्र अवसर पर सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर के लिए रवाना होते हैं।

विजय सिन्हा

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के पथ निर्माण मंत्री रहते हुये विभागीय सड़कों के निर्माण में छब्बीस करोड़ रूपये से अधिक का घोटाला हुआ। श्री सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य में लगी कम्पनी राजा कन्ट्रक्शन ने पत्थरों के उपयोग में धांधली की। उन्होंने कहा कि अनियमितता के बावजूद कम्पनी को अवैध तरीके से छब्बीस करोड़ सोलह लाख रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच की जायेगी और दोषी अधिकारियों को भी दंडित किया जायेगा।

सीएम प्रगति यात्रा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान पूर्णिया में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने पूर्णियां नगर प्रखंड के मजरा में आयोजित कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक का वितरण भी किया।

मौसम

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने और धूप खिली होने के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में अधिकतर स्थानों पर तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। इसके कारण लोगों को ठंड से राहत मिली है। वहीं, प्रदेश के उत्तरी भागों में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सीतामढ़ी, शिवहर और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर अगले तीन दिनों तक मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डिहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

होम गार्ड

समान सेवा समान वेतन, सेवा नियमित किये जाने समेत अपनी इक्कीस मांगों को लेकर गृह रक्षा वाहिनी के जवानों का राज्यव्यापी प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी है। मुंगेर में जवानों ने किला परिसर स्थित शहीद स्मारक से प्रदर्शन मार्च निकाला। वहीं, पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया में गृह रक्षकों ने समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन किया।

जिला विविध

रोहतास जिले में मोहनिया आरा पथ पर उसराव गांव के पास एक यात्री बस की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में तेरह बस यात्री घायल हो गए।

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने भारी मात्रा में देशी शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

मत्स्य और पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया में मुख्यमंत्री मत्स्य वितरण योजना के तहत एक सौ पच्चीस लाभार्थियों को मत्स्य विपणन किट प्रदान किये।